# मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग
# राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मान वर्ष 2023
# अनुशंसाओं का आमंत्रण

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा कला, साहित्य, सिनेमा, संस्कृति एवं समाज सेवा की विविध विधाओं के क्षेत्र में स्थापित राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मान उनके सामने अंकित विधाओं के लिए दिए जाने हैं :-

## राष्ट्रीय सम्मान

| क्र. | सम्मान | विधा | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | महात्मा गांधी सम्मान | गांधी विचार दर्शन (संस्था हेतु) | 20.00 लाख |
| 2. | कबीर सम्मान | भारतीय भाषाओं की कविता के लिए | 5.00 लाख |
| 3. | कालिदास सम्मान | शास्त्रीय संगीत | 5.00 लाख |
| 4. | कालिदास सम्मान | शास्त्रीय नृत्य | 5.00 लाख |
| 5. | कालिदास सम्मान | रंगकर्म | 5.00 लाख |
| 6. | कालिदास सम्मान | रूपंकर कलाएँ | 5.00 लाख |
| 7. | मैथिलीशरण गुप्त सम्मान | हिन्दी साहित्य | 5.00 लाख |
| 8. | किशोर कुमार सम्मान (फिल्म) | पटकथा लेखन | 5.00 लाख |
| 9. | तानसेन सम्मान | हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत | 5.00 लाख |
| 10. | लता मंगेशकर सम्मान (फिल्म) | पार्श्व गायन | 5.00 लाख |
| 11. | इकबाल सम्मान | उर्दू साहित्य | 5.00 लाख |
| 12. | देवी अहिल्या सम्मान (महिला) | लोक एवं जनजातीय पारंपरिक कलाओं के लिए | 5.00 लाख |
| 13. | तुलसी सम्मान (पुरुष) | लोक एवं जनजातीय पारंपरिक कलाओं के क्षेत्र में रूपंकर कलाओं के लिए | 5.00 लाख |
| 14. | शरद जोशी सम्मान | हिन्दी व्यंग्य, ललित निबंध, संस्मरण रिपोर्ताज, डायरी, पत्र लेखन आदि | 5.00 लाख |
| 15. | नानाजी देशमुख सम्मान | सामाजिक, सांस्कृतिक समरसता, उत्थान, परिष्कार, आध्यात्म, परंपरा, समाज एवं विकास तथा संस्कृति की मूल अवधारणा के प्रति कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था | 5.00 लाख |
| 16. | कवि प्रदीप सम्मान | मंचीय कविता के क्षेत्र में | 5.00 लाख |
| 17. | कुमार गंधर्व सम्मान | वादन (आयु समूह 24 से 45 वर्ष) | 2.51 लाख |
| 18. | राजा मानसिंह तोमर सम्मान | संगीत, संस्कृति एवं कला संरक्षण में कार्य करने वाली संस्था के लिए | 5.00 लाख |
| 19. | सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान | हिन्दी सॉफ्टवेयर सर्च इंजिन, वेब डिजाइनिंग, डिजीटल भाषा प्रयोगशाला, प्रोग्रामिंग, सोशल मीडिया, डिजीटल ऑडियो विजुअल एडीटिंग आदि में उत्कृष्ट योगदान। | 5.00 लाख |
| 20. | निर्मल वर्मा सम्मान | भारतीय अप्रवासी होकर विदेश में हिंदी के विकास में अमूल्य योगदान। | 5.00 लाख |
| 21. | फादर कामिल बुल्के सम्मान | विदेशी मूल के व्यक्ति के हिंदी भाषा एवं उसकी बोलियों के विकास में उत्कृष्ट योगदान। | 5.00 लाख |
| 22. | गुणाकर मुले सम्मान | हिंदी में वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेखन एवं पाठ्य-पुस्तकों के लिए लेखन। | 5.00 लाख |
| 23. | हिन्दी सेवा सम्मान | अहिंदी भाषी लेखकों और साहित्यकारों को लेखन-सृजन से हिंदी की समृद्धि के लिए योगदान। | 5.00 लाख |

## राज्य सम्मान

| क्र. | सम्मान | विधा | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | शिखर सम्मान | हिन्दी साहित्य | 2.00 लाख |
| 2. | शिखर सम्मान | उर्दू साहित्य | 2.00 लाख |
| 3. | शिखर सम्मान | संस्कृत साहित्य | 2.00 लाख |
| 4. | शिखर सम्मान | रूपंकर कलाएँ | 2.00 लाख |
| 5. | शिखर सम्मान | नृत्य | 2.00 लाख |
| 6. | शिखर सम्मान | नाटक | 2.00 लाख |
| 7. | शिखर सम्मान | संगीत | 2.00 लाख |
| 8. | शिखर सम्मान | आदिवासी एवं लोक कलाएँ | 2.00 लाख |
| 9. | शिखर सम्मान | दुर्लभ वाद्य वादन | 2.00 लाख |

उक्त सम्मान देश के सृजन सक्रिय साहित्यकार/कलाकार/संस्था की उच्च सृजनात्मकता, असाधारण उपलब्धि, अनवरत दीर्घसाधना तथा समग्र रचनात्मक अवदान के लिए देय हैं। प्रत्येक सम्मान के अंतर्गत आयकर मुक्त सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पट्टिका भेंट की जाती है।

वर्ष 2023 के इन सम्मानों हेतु संबंधित विधाओं के प्रति सार्थक सरोकार और रूझान वाले समीक्षकों, लेखकों, विचारकों, कला-रसिकों, आलोचकों एवं संस्थाओं से ख्याति प्राप्त साहित्यकारों/कलाकारों के चयन के लिए अनुशंसाएँ विधिवत् आमंत्रित की जाती है, अनुशंसाएँ निम्न प्रारूप में भेजी जा सकती है :-

1. सम्मान का नाम (जिसके लिए अनुशंसा की जा रही है)
2. अनुशंसित का पूरा नाम
3. अनुशंसित की आयु
4. अनुशंसित का वर्तमान पता एवं दूरभाष, मोबाइल, ई-मेल आदि
5. अनुशंसित की सृजनात्मक एवं प्रतिष्ठादायी उपलब्धियों का सुस्पष्ट विवरण, छायाचित्र, ब्रोशर, कैटलॉग आदि
6. प्रस्तावक का नाम, पता एवं दूरभाष क्रमांक

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक सम्मान एवं वर्ष के लिए अलग-अलग अनुशंसाएँ तथा प्रत्येक सम्मान का नाम विधा सहित लिफाफे के ऊपर अंकित किया जाना आवश्यक है। उल्लेखित सम्मानों के लिए गठित जूरी समिति के समक्ष अनुशंसाएँ विचार एवं निर्णय के लिए रखी जावेंगी। चयन समिति की सर्वसम्मत अनुशंसा पर राज्य शासन का निर्णय अंतिम होगा। घोषणा तक सभी कार्यवाहियाँ गोपनीय होती हैं। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा और न ही दूरभाष पर जानकारी देना संभव हो सकेगा। प्रविष्टियाँ तथा संलग्न दस्तावेज लौटाये नहीं जा सकेंगे। जमा प्रस्तावों पर संशोधन आदि भी मान्य न होगा। प्रत्येक सम्मान के लिए अलग-अलग अनुशंसाएँ **11 मार्च, 2024 तक संचालक, संस्कृति संचालनालय, 1-शिवाजी नगर** (रेडक्रास अस्पताल के पीछे), भोपाल-462016 के पते पर पहुँचाना आवश्यक है।

संचालक
संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश